प्रतिवेदन

राजीव गांधी विज्ञान और प्रौद्योगिकी आयोग मुंबई के सदस्य सचिव एवं सलाहकार का संस्थान दौरा

प्रोफेसर नरेंद्र शाह, सदस्य सचिव एवं डॉ. अरुण सप्रे, सलाहकार , राजीव गांधी विज्ञान और प्रौद्योगिकी आयोग (आरजीएसटीसी), मुंबई ने दिनांक 7 दिसंबर, 2022 को भाकृअनुप - के मा शि सं , मुंबई का दौरा किया। सभी सीआईएफई वैज्ञानिकों के साथ आरजीएसटीसी के अधिकारियों की एक औपचारिक इंटरैक्टिव बैठक की गई । डॉ. एन.पी. साहू, संयुक्त निदेशक, आईसीएआर- सीआईएफई ने आरजीएसटीसी के सदस्यों और सीआईएफई के वैज्ञानिकों का स्वागत किया। प्रो शाह और डॉ सप्रे ने सभी वैज्ञानिकों को आरजीएसटीसी फंडिंग के उद्देश्य और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अनुसंधान के लिए आरजीएसटीसी से धन प्राप्त करने के लिए बेहतर समझ के लिए वैज्ञानिकों ने प्रो. शाह और डॉ. सप्रे के साथ बातचीत की। उन्होंने अनुसंधान और इन्क्यूबेटियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के लिए सभी प्रभागों, प्रयोगशालाओं और कृषि व्यवसाय ऊष्मायन (एबीआई) केंद्र का भी दौरा किया। इस दौरे का समन्वयन डॉ. ए.के. बालंगे, प्रधान वैज्ञानिक और प्रभारी अधिकारी, आईटीएमयू ने किया ।